Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 18 ▫ रायपुर, सोमवार 10 फरवरी 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम साय

रायपुर, 10 फरवरी (हाईवे चैनल)। सीएम विष्णुदेव साय परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में शामिल हुए। पीएम मोदी परीक्षा पे चर्चा में छात्रों को सेहत का ध्यान रखने के टिप्स दे रहे हैं. उन्होंने कहा कि, कितने लोगों ने पानी पीते समय पानी का भी टेस्ट लिया है। पीएम मोदी ने छात्रों को पानी पीने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कैसे खाना, क्या खाना और कब खाना पर ध्यान देना चाहिए। पीएम ने छात्रों ने कहा कि नींद पूरी आती है या नहीं, इसका भी पोषण से लेना देना है। शरीर की फिटनेस के लिए नींद बहुत जरूरी है। आपको कितने घंटे सोना है, यह जरूरी है। इसके अलावा पीएम ने कहा कि आपमें से कितने लोग हैं जिन्होंने पेड़ के नीचे खड़े होकर गहरी सांस लेने का प्रयास किया है। जीवन में कोई भी प्रगति करनी है इसके लिए पोषण बेहद जरूरी है।

केरल से आई एक छात्रा ने पीएम से कहा कि उन्होंने हिंदी बहुत अच्छी लगती है. इसपर पीएम ने कहा कि पहले एक कविता सुनाइए. छात्रा ने पूछा कि परीक्षा में अच्छे अंक नहीं आए तो हमारा फ्यूचर अच्छा नहीं होगा. इसपर एक छात्र ने कहा कि जिंदगी में मार्क्स मायने नहीं रखते. पीएम ने कहा कि यह हमारे समाज में घुस गया है कि अगर स्कूल में इतने नंबर नहीं आए तो जिन्दगी तबाह हो जाएगी. इस समय माता-पिता को तो समझा नहीं सकते. इसके लिए अब आपको खुदको तैयार करना है। आपमें से कितने लोग हैं जो क्रिकेट देखते हैं. कभी आउट होता है तो कभी 6 लगता है. ऐसे में बैट्समेन ऑडियंस नहीं बल्कि पूरा ध्यान अपनी बॉल पर रखता है. आपको भी ऐसा नहीं करना करना है. आपको ऑडियंस का प्रेशर नहीं लेना है. हर बार खुदको चुनौती देते रहना चाहिए।

राष्ट्रपति ने महाकुंभ संगम में लगाई डुबकी

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच की पूजा-अर्चना

नई दिल्ली, 10 फरवरी (न्यूज चैनल)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रयागराज पहुंच चुकी हैं। वीआईपी घाट पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम है। आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संगम में आस्था की डुबकी लगाई है। राष्ट्रपति के पहुंचते ही सीएम योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति ने त्रिवेणी संगम पर प्रवासी पक्षियों को दाना खिलाया। यूपी के सीएम योगी और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी मौजूद हैं।

संगम में स्नान करने के उपरांत मुर्मू ने गंगा में नारियल और पुष्प अर्पित किए तथा सूर्यदेव को अर्घ्य दिया। डुबकी लगाने के दौरान राष्ट्रपति को सफेद रंग के सलवार-सूट पहने देखा गया। स्नान के बाद राष्ट्रपति ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच, गंगा आरती तथा पूजा-अर्चना की। इससे पहले, भारत की प्रथम नागरिक, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का तीर्थराज कुंभ नगरी प्रयाग में आगमन पर प्रयागराज के प्रथम नागरिक महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने प्रयागराज महानगर की चाबी भेंट कर उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति ने त्रिवेणी संगम पर प्रवासी पक्षियों को दाना खिलाया। यूपी के सीएम योगी और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी मौजूद हैं। महाकुंभ में राष्ट्रपति संगम में पूजा अर्चना करने के साथ ही अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना करेंगी। जानकारी के मुताबिक, राष्ट्रपति डिजिटल कुंभ अनुभव केंद्र भी जाएंगी। बता दें कि देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने भी महाकुंभ के दौरान संगम में स्नान किया था।

ब्रेकिंग न्यूज

पूर्व महापौर को नोटिस बढ़ सकती हैं मुश्किलें

रायपुर, 10 फरवरी (हाईवे चैनल)। शराब घोटाले में ईओडब्ल्यू व एसीबी द्वारा पूर्व महापौर डेबर व उनके करीबी रिश्तेदारों को नोटिस भेजने से सियासी माहौल गरमा गया है,चूंकि कल निगम चुनाव के लिए मतदान हैं और डेबर व उनकी पत्नी स्वंय पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि जांच में मिले तथ्यों के आधार पर नोटिस दिया जाना बताया जा रहा है,लेकिन आगे जाकर डेबर की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। ये भी जानाकारी आ रही है कि चुनाव में व्यस्तता को लेकर डेबर ने फिलहाल पूछताछ से छूट मांगी है। वहीं इस मामले में न तो कांग्रेस पार्टी व और न ही डेबर ने कोई भी बयान नहीं दिया है। लेकिन मीडिया में आई खबरों के आधार पर सियासी चर्चा छिड़ गई है। बता दें इसी मामले में पूर्व मंत्री सहित कई अभी जेल में हैं और कई के नाम ईओडब्ल्यू के एफआईआर में शामिल हैं।

पाइप फैक्ट्री में लगी आग, बुझाने में जुटी दो दमकल गाड़ियां

रायपुर, 10 फरवरी (हाईवे चैनल)। रायपुर के कबीर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव तेंदुआ स्थित पाइप फैक्ट्री में आग लग गई है, जिसे बुझाने के लिए दमकल की 2 गाड़ियां मौके पर जुटी हुई हैं. फिलहाल, आग लगने के कारण का खुलासा नहीं हुआ है. आगजनी की घटना से फैक्ट्री में अफरा-तफरी की स्थिति है.

निर्दलीय प्रत्याशी ने भाजपा प्रत्याशी को पैसा बांटते रंगे हाथ पकड़ा,

बिलासपुर, 10 फरवरी (हाईवे चैनल)। नगरीय निकाय चुनाव में मतदान के पहले प्रत्याशी पैसे बांटकर मतदाताओं को लुभाने में जुटे हैं. ऐसे ही एक मामले में निर्दलीय प्रत्याशी ने भाजपा प्रत्याशी को पैसा बांटते रहे हाथ पकड़ा. इस मामले में जब विवाद बढ़ा तो प्रत्याशी ने नोटों से भरा लिफाफा नाले में फेंक दिया. पूरे वाकये का वीडियो वायरल हो रहा है. मामला बिलासपुर नगर निगम के वार्ड क्रमांक 7 कालिका नगर का है, जहां से भाजपा प्रत्याशी श्याम कार्तिक वर्मा आज सुबह मतदाताओं को पैसे बांटने के लिए अपने पास लिफाफे रखे हुए थे. इसकी जानकारी होने पर निर्दलीय पार्षद प्रत्याशी जितेंद्र भावे ने मौके पर जाकर श्याम वर्मा को रोका. जब अन्य लोगों ने इसका विरोध किया गया तो श्याम वर्मा ने पैसों से भरे लिफाफे को नाली में फेंक दिया. घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें भाजपा प्रत्याशी श्याम कार्तिक वर्मा को निर्दलीय प्रत्याशी जितेंद्र भावे पहले समझाते हैं कि मना करने के बाद भी चुनाव में गड़बड़ कर रहे हो

चूहा- सुनती हो, इस्तीफा देने पहुंची आतिशी को एलजी कह गए कि आपको यमुना मैया का श्राप लगा है।
चुहिया- हां जी, लेकिन जब आतिशी सीएम पद की शपथ ली थी तब किसका पुण्य मिला था, तो भी बता देना था।

3 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

'माड़ बचाओ अभियान' को मिल रही सफलता

रायपुर, 10 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाया जा रहा 'माड़ बचाओ अभियान' अपना असर दिखाने लगा है। नक्सल क्षेत्र में इस अभियान की सफलता की चमकदार तस्वीर नजर आने लगी है, जिसके तहत नक्सली हथियार छोड़कर घर वापसी कर रहे हैं।

नारायणपुर जिले में तीन नक्सलियों ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में आत्मसमर्पण किया है। नारायणपुर में आत्मसमर्पण नीति 'माड़ बचाओ अभियान' से प्रभावित होकर तीन माओवादियों ने अपने हथियार डाल दिए। दो दिन पहले ग्राम कुतुल में जन सुविधा और सुरक्षा कैंप स्थापित किया गया था। रविवार को कुतुल एरिया कमेटी के माओवादियों ने इसी कैंप से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया। वर्ष 2024 से अब तक 79 से अधिक बड़े और छोटे कैडर के माओवादियों ने सरेंडर किया है। इसके पीछे नारायणपुर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को एक मुख्य कारण माना जा रहा है। आंतरिक मतभेद और संगठन से मोहभंग भी आत्मसमर्पण का एक बड़ा कारण बन रहे हैं। राज्य शासन की योजना के अनुसार, सरेंडर करने वाले नक्सलियों को 25 हजार रुपये का प्रोत्साहन राशि का चेक दिया जाता है। इसके साथ ही शासन की सभी सुविधाओं का लाभ भी उन्हें मिलता है। इन सरेंडर करने वाले नक्सलियों में रैनू उसेण्डी, उम्र 48 वर्ष, निवासी फरसबेड़ा, जनताना सरकार के अध्यक्ष, मैनू वडदा, उम्र 45 वर्ष, निवासी कोडकामरका, जनताना सरकार के सदस्य, सन्नू उसेण्डी, उम्र 35 वर्ष, निवासी फरसबेड़ा, जनताना सरकार के सदस्य शामिल हैं।

कल पड़ेंगे वोट, ईवीएम लेकर मतदान दल रवाना

रायपुर, 10 फरवरी (हाईवे चैनल)। नगरीय निकाय चुनाव में सोमवार 11 फरवरी का दिन महत्वपूर्ण हैं, इस दिन प्रदेश के तमाम नगरीय निकायों के मतदाता महापौर और पार्षद प्रत्याशियों की किस्मत तय करेंगे. कल के मतदान के लिए आज मतदान दलों को मतदान सामग्रियों का वितरण कर कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान केंद्र के लिए रवाना किया गया.

रायपुर नगर निगम के सभी 10 जोन और 70 वार्ड के लिए सेजबहार स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज से मतदान दलों को मतदान पेटियों का वितरण किया गया. प्रदेश की राजधानी में अन्य शहरों की तरह अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ी टक्कर है. रायपुर में महापौर पद के लिए एक तरफ कांग्रेस से दीप्ति प्रमोद शर्मा, तो दूसरी ओर भाजपा की ओर से मीनल चौबे प्रत्याशी हैं. इसी तरह बिलासपुर नगर निगम सहित जिले के नगरीय निकायों के लिए मतदान दलों को सामग्री वितरण किया गया. बिलासपुर नगर निगम में भाजपा की ओर से जहां पूजा विधानी तो दूसरी ओर कांग्रेस की ओर से प्रमोद नायक मैदान में हैं. नगर निगम क्षेत्र में 70 वार्डों में मतदान के लिए 509 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं. महापौर सहित पार्षद प्रत्याशियों की किस्मत निगम क्षेत्र के 506162 मतदाता तय करेंगे, जिनमें से 2,54,771 महिला और 2,51,322 पुरुष मतदाता हैं. अंबिकापुर नगर निगम के लिए पॉलिटेक्निक कॉलेज में मतदान दलों को चुनावी सामग्री का वितरण कर मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया. नगर निगम क्षेत्र में 1 लाख 21 हजार 454 मतदाता हैं, जिनके लिए शहर के 48 वार्डों में 143 बूथ बनाए गए हैं. इनमें से 8 मतदान केंद्रों को राजनीतिक तौर पर जिला निर्वाचन आयोग ने संवेदनशील घोषित किया है. इसी कड़ी मे महासमुंद जिले के तीन नगर पालिका एवं तीन नगरपंचायत के लिए बनाए गए 6 अलग ङ्क अलग स्ट्रांग रुम से आज सुबह 7 बजे से ही मतदान सामग्री वितरण किया जा रहा है. जिले के 3 नगरपालिका ङ्क महासमुंद, बागबाहरा और सरायपाली और 3 नगर पंचायत ङ्क तुमगांव, पिथौरा, बसना के लिए कुल 144 मतदान केन्द्र बनाये गए है. महासमुंद नगर पालिका में 60, बागबाहरा नगर पालिका में 21, सरायपाली नगर पालिका में 18, तुमगांव नगर पंचायत में 15, पिथौरा नगर पंचायत में 15 और बसना नगर पंचायत के लिए 15 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं.

गौरतलब है कि महासमुंद जिले के 6 नगरीय निकायों में कुल एक लाख 3 हजार 692 मतदाता हैं, जिसमें पुरुष मतदाता 49 हजार 408, महिला मतदाता 54 हजार 271 और तृतीय लिंग के 13 मतदाता हैं. मतदाता 5 अध्यक्ष और 102 पार्षदों प्रत्याशियों के लिए 11 फरवरी को मतदान करेंगे, इनमें से एक अध्यक्ष और तीन पार्षद पहले ही निर्विरोध चुने जा चुके हैं. राजनांदगांव जिले में कल राजनांदगांव नगर निगम के अलावा डोंगरगढ़ नगर पालिका, छुरिया नगर पंचायत और डोंगरगांव नगर पंचायत, एल्बी नगर नगर पंचायत के लिये मतदान होना है. मतदान के लिए मतदान सामग्री एवं ईवीएम मशीन का कृषि उपज मंडी समिति के नव निर्मित गोदाम से वितरण किया गया. कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान दल को रवाना किया जा रहा है.

27 फरवरी तक नहीं चलेगी पैसेंजर ट्रेन

रायपुर, 10 फरवरी (हाईवे चैनल)। पैसेंजर ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों की परेशानी पढ़ने वाली है. वो इसलिए क्योंकि 27 फरवरी तर रेलवे ने पैसेंजर ट्रेनों को रद्द कर दिया है. रेलवे ने कुल 19 दिनों के लिए ट्रेनों को रद्द किया है.

रेलवे अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक बस्तर जिले में किरंदुल-कोत्तावालसा रेललाइन में दंतेवाड़ा से किरंदुल के बीच 9 से 27 फरवरी तक रेल (यात्री) सेवा प्रभावित रहेगी. भांसी और बचेली रेललाइन के समेली घाट सेक्शन में दोहरीकरण का काम चल रहा है. इस वजह से दंतेवाड़ा से किरंदुल के बीच 19 दिनों तक रेल सेवा बाधित रहेगी.इस दौरान किरंदुल जाने वाली दोनों यात्री ट्रेनों किरंदुल-विशाखापत्तनम पैसेंजर (गाड़ी संख्या 58501-58501) और किरंदुल-विशाखापत्तनम नाइट एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 18513-18514) का परिचालन दंतेवाड़ा तक किया जाएगा. 19 दिनों तक यही स्थिति बनी रहेगी जबकि मालगाड़ियों का परिचालन पहले की तरह ही होगा. बता दें कि किरंदुल से ओड़िशा के जैपुर स्टेशन के बीच 219 किलोमीटर और दंतेवाड़ा जिले में कमलूर से बचेली के बीच लगभग 20 किलोमीटर रेललाइन में दोहरीकरण का काम बाकी है. इस सेक्शन में बचेली से किरंदुल के बीच 9.48 किलोमीटर की दोहरी लाइन बिछाने का काम पूरा कर लिया गया है. कमिश्नर रेलवे सेफ्टी (सीआरएस) का बचेली-किरंदुल के बीच नई लाइन की जांच के लिए 27 फरवरी को प्रवास प्रस्तावित है. इसके पहले इन दोनों स्टेशनों के बीच नान इंटरलाकिंग का काम पूरा किया जाएगा. बता दें कि किरंदुल से जैपुर के बीच दंतेवाड़ा-किरंदुल 42 किलोमीटर का रेलखंड अति नक्सल प्रभावित माना गया है. इसे छोड़कर अन्य क्षेत्रों में दोहरी लाइन बिछाने का काम तीन साल पहले ही पूरा कर लिया गया था.

सीएसपी की गाड़ी को शराबी ने मारी ठोकर

रायपुर, 10 फरवरी (हाईवे चैनल)। ड्रिंक एंड ड्राइव चेकिंग के दौरान पुलिस ने रोकना चाहा तो चालक ने सीएसपी की गाड़ी को ठोकर मारकर फरार होने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस ने पीछा कर चालक को दबोचा। जानकारी के मुताबिक कार को जब्त कर चालक प्रियेश बग्गा के खिलाफ कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का बयान - शराब सेवन कर वाहन चलाने के दौरान थाना सिविल लाइन क्षेत्र में एक्सीडेंट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी प्रियेश बग्गा पिता सुरेंद्र बग्गा उम्र 23 वर्ष निवासी फॉरेस्ट कॉलोनी के सामने पंडरी रायपुर थाना सिविल लाइन रायपुर के विरुद्ध थाना सिविल लाइन में अपराध क्रमांक 70/25 धारा 281 125(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर वाहन क्रमांक सीजी 04 सीडब्ल्यू 7777 को जप्त कर कार्यवाही करने के साथ ही पृथक से मोटर व्हीकल एक्ट के तहत भी कार्यवाही किया गया।

'आपको यमुना मैया का श्राप लगा है', इस्तीफा देने पहुंचीं आतिशी से बोले एलजी वीके सक्सेना

नई दिल्ली, 10 फरवरी (न्यूज चैनल)। दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने रविवार को पूर्व सीएम आतिशी से कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) यमुना नदी को साफ करने में विफल रही, जिसके कारण सरकार को नुकसान हुआ। सूत्रों के मुताबिक, चुनावी हार के बाद जब आतिशी अपना इस्तीफा देने राजनिवास पहुंचीं तो उन्होंने उनसे कहा, %आपको यमुना मैया का श्राप लगा है। एलजी ने कहा कि आप सरकार को यमुना की सफाई के लिए सक्रिय कदम उठाना चाहिए था। आतिशी से मुलाकात के दौरान एलजी सक्सेना ने वायु प्रदूषण को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का रुख बदलने का भी जिक्र किया। एलजी सक्सेना ने कहा कि वायु प्रदूषण को कम करने के लिए रचनात्मक कदम उठाने के लिए उन्होंने कई पत्र लिखे लेकिन कोई ठोस नतीजा नहीं निकला।

आतिशी ने विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) की करारी हार के एक दिन बाद रविवार को उपराज्यपाल वी के सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंप दिया। उपराज्यपाल कार्यालय ने कहा कि सक्सेना ने निवर्तमान मुख्यमंत्री को नयी सरकार के गठन तक पद पर बने रहने को कहा है। भाजपा नेताओं के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अगले सप्ताह विदेश दौरे से लौटने के बाद भाजपा सरकार बनाने का दावा पेश कर सकती है। राज निवास ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट किया, ''माननीय उपराज्यपाल वी के सक्सेना को आज मुख्यमंत्री आतिशी का इस्तीफा मिला।

प्रयागराज जाम : बस और ट्रेनों में भारी भीड़ चारों ओर सड़कों पर लंबी कतारें; सब परेशान

नई दिल्ली, 10 फरवरी (न्यूज चैनल)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है। संगम में स्नान के लिए श्रद्धालु हजारों की संख्या में आ रहे हैं। आज सुबह तीन बजे से ही स्नान जारी है। जिसके चलते प्रयागराज आने और जाने वाले रास्तों पर जाम देखा जा रहा है। सड़कों पर वाहनों और पैदल चलने वाले यात्रियों को मिनटों की दूरी घंटों में तय करनी पड़ रही है। श्रद्धालु कई किलोमीटर पैदल चल रहे हैं। माघ पूर्णिमा से पहले महाकुंभ में महाजाम की स्थिति देखी जा रही है।

प्रयागराज पहुंचने में श्रद्धालुओं को भारी दिक्कत हो रही है। जानकारी के लिए बता दें कि प्रयागराज में चारों तरफ से श्रद्धालु आ रहे हैं। फाफामऊ, झूंसी, नैनी, वाराणसी-प्रयागराज रोड यानी जीटी रोड (सुलेम सराय) में जगह जगह जाम लगा हुआ है। सड़कों पर वाहनों की रफ्तार थम गई है। तो वहीं सड़कों पर चलने वाले यात्री घंटों में घाटों तक पहुंच रहे हैं। वसंत पंचमी के बाद शनिवार को लगातार पांचवें दिन शहरी व श्रद्धालु भीषण जाम से कराहते रहे। शहर से लेकर जनपदीय ईंट्री प्वाइंटों पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। मुख्य मार्ग चोक होने पर शहरों में गलियां भी पट गई। सीमा से सटे ग्रामीण इलाकों में सुबह से रात तक 10-10 किमी तक एक के पीछे एक वाहन लगे रहे।